# वित्तीय सहायता नीति – आसान भाषा में सारांश

**Mayo Clinic और संबद्ध हॉस्पिटल एवं क्लिनिक**

Financial Assistance Policy – Plain Language Summary (Hindi)
Mayo Clinic and Affiliated Hospitals and Clinics

## प्रदान की गई वित्तीय सहायता

Mayo Clinic हर रोगी के लिए सबसे अच्छी देखभाल मुहैया करता है और उन रोगियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है जो आपातकालीन या चिकित्सीय रूप से आवश्यक देखभाल के लिए भुगतान करने में असमर्थ हैं।

## पात्रता से जुड़ी आवश्यकताएं और प्रदान की गई सहायता

Mayo Clinic कई कारकों की समीक्षा करता है, जिससे यह तय किया जा सके यदि आप वित्तीय सहायता पाने के पात्र हैं या नहीं। इनमें आपकी चिकित्सा स्थिति, आवश्यक चिकित्सा देखभाल का प्रकार, आपका बीमा और भुगतान के अन्य स्रोत, जैसे कि व्यक्तिगत चोट के दावे, आपकी सभी प्रकार की घरेलू आय, परिवार का आकार, घरेलू संपत्ति और ऐसा कोई भी विशेष मुद्दे जिन पर आप चाहते हैं कि हम विचार करें, शामिल हैं।

बीमा के बिना भी वित्तीय सहायता मिल सकती है। वित्तीय सहायता की राशि बिल शुल्क का भुगतान करने की आपकी क्षमता से निर्धारित होती है। हालांकि, वित्तीय सहायता सभी चिकित्सा देखभाल के लिए उपलब्ध नहीं हैं, जैसे कि कॉस्मेटिक सर्जरी, फ़र्टिलिटी ट्रीटमेंट, गैस्ट्रिक बाईपास और रोगी सुविधा से जुड़ी वस्तुएं। अगर Mayo Clinic आपके बीमा नेटवर्क से बाहर है, तो आपको गैर-आपातकालीन देखभाल के लिए वित्तीय सहायता नहीं मिल सकती है। आपकी नागरिकता, आवास और वीज़ा की स्थिति भी आपकी पात्रता पर असर डाल सकती है।

अगर आप वर्तमान में Medicaid या चिकित्सा सहायता में नामांकित हैं, तो आपको वित्तीय सहायता के लिए पात्र माना जा सकता है। Mayo Clinic को ज्ञात अन्य जानकारी के आधार पर भी आपकी पात्रता तय मानी जा सकती है। अनुमानित पात्रता लागू होने पर Mayo Clinic आपको सूचित करेगा।

अगर आपको पात्र नहीं माना जाता है, तो ऐसे में आपको आवेदन प्रक्रिया में पूरी तरह से सहयोग करना होगा, जिसमें टैक्स रिटर्न, बैंक स्टेटमेंट और वेतन की पर्ची जमा करना शामिल है। आपको राज्य स्वास्थ्य बीमा विनिमय के ज़रिए Medicaid या चिकित्सा सहायता, या अन्य प्रकार के बीमा के लिए एक आवेदन-पत्र भरना होगा। ज़्यादा जानकारी के लिए संपूर्ण वित्तीय सहायता नीति देखें।

## वित्तीय सहायता के लिए कैसे आवेदन किया जाए

आप या आपकी देखभाल में शामिल कोई अन्य व्यक्ति, जैसे कि परिवार का कोई सदस्य या प्रदाता आपकी देखभाल के दौरान किसी भी समय वित्तीय समस्याओं को ज़ाहिर कर सकता है। ज़रूरत पड़ने पर, आपको वित्तीय सहायता से जुड़ा आवेदन-पत्र भरने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

वित्तीय सहायता केवल Mayo Clinic के कर्मचारियों द्वारा Mayo Clinic के हॉस्पिटल में दी जाने वाली चिकित्सा देखभाल पर लागू होती है। वित्तीय सहायता नीति के तहत यात्रा, भोजन, आवास, चिकित्सा उपकरण और दवा आदि जैसे खर्चों का भुगतान नहीं किया जाता है। Mayo Clinic इस प्रक्रिया के दौरान आपकी गोपनीयता और गरिमा की रक्षा करता है। आपके द्वारा दी गई किसी भी जानकारी को हेल्थ इंश्योरेंस पोर्टेबिलिटी एंड अकाउंटिबिलिटी एक्ट (HIPAA) के तहत संरक्षित स्वास्थ्य जानकारी माना जाएगा।

## दस्तावेज़ों की कॉपी कहां से प्राप्त की जाए

आप 1-844-217-9591 पर रोगी खाता सेवाओं को कॉल करके और डाक या ईमेल द्वारा एक कॉपी का अनुरोध करके Mayo Clinic की वित्तीय सहायता नीति और आवेदन-पत्र को मुफ़्त में प्राप्त कर सकते हैं। नीति और आवेदन-पत्र ऑनलाइन भी उपलब्ध हैं, जिन्हें आप डाउनलोड और प्रिंट कर सकते हैं। एरिज़ोना, फ़्लोरिडा और रोचेस्टर के लिए mayoclinic.org/financialassistance पर जाएं और Mayo Clinic हेल्थ सिस्टम की लोकेशन के लिए mayoclinichealthsystem.org/financial-assistance पर जाएं। नीति और आवेदन-पत्र की कॉपी Mayo Clinic के सभी हॉस्पिटल, क्लिनिक और आपातकालीन विभागों के प्रवेश और व्यावसायिक सेवा क्षेत्रों में भी उपलब्ध है।

## जानकारी और सहायता के लिए संपर्क करें

वित्तीय सहायता नीति और आवेदन प्रक्रिया में सहायता के बारे में और जानकारी रोगी खाता सेवाओं से प्राप्त की जा सकती है:

- एरिज़ोना, फ़्लोरिडा और रोचेस्टर के लिए ऑनलाइन mayoclinic.org/financialassistance पर और Mayo Clinic हेल्थ सिस्टम की लोकेशन के लिए mayoclinichealthsystem.org/financial-assistance पर जाएं।
- आप 1-844-217-9591 पर भी कॉल कर सकते हैं या स्थानीय रजिस्ट्रेशन और बिज़नेस सर्विस लोकेशन पर भी जा सकते हैं।

## अंग्रेज़ी नहीं बोलने वाले लोगों के लिए

वित्तीय सहायता नीति, वित्तीय सहायता नीति से जुड़ा आवेदन-पत्र और इस आसान भाषा में सारांश के अनुवाद, एरिज़ोना, फ्लोरिडा और रोचेस्टर के लिए mayoclinic.org/financialassistance पर उपलब्ध हैं और Mayo Clinic हेल्थ सिस्टम की लोकेशन के लिए mayoclinichealthsystem.org/financial-assistance पर उपलब्ध हैं।

## आमतौर पर बिल की गई राशि (AGB) से ज़्यादा नहीं

अगर आप वित्तीय सहायता के पात्र हैं, तो आपसे आपातकालीन या चिकित्सीय रूप से आवश्यक अन्य देखभाल के लिए जो शुल्क लिया जाएगा वह बीमा कराने वाले रोगियों को आपातकालीन या चिकित्सीय रूप से अन्य आवश्यक देखभाल के लिए आम तौर पर बिल की गई राशि से अधिक नहीं होगा।

©2024 Mayo Foundation for Medical Education and Research